राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः— एफ.2 (ग) (चवे)/92/अलेसे—I/ 229 दिनांकः— 16-5-2018

कार्यालय आदेश संख्या 64/2018—19

राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.06(2)एफडी/रूल्स/98 दिनांक 17.02.98 के अनुसरण में श्री जगमोहन मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I, जिनकी जन्मतिथि 27.08.1965 है तथा जिन्होंने कनिष्ठ लेखाकार के पद पर सीधी भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर दिनांक 19.02.1996 को कार्यग्रहण किया था। इन्होंने 9 वर्ष की राजकीय सेवा निरन्तर एवं सन्तोषजनक रूप से पूर्ण कर ली है, को दिनांक 19.02.2005 से कनिष्ठ लेखाकार के पद का प्रथम चयनित वेतनमान 5500—9000 में स्वीकृत किया जाता है।

श्री जगमोहन मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प.1(20)वित्त/ग्रुप—2/92 दिनांक 23.04.1994 में दी हुई शर्तों के संबंध में सन्तोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण—पत्र तथा कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ.7(1)(डीओपी)/क—2/95 दिनांक 20.06.2001 के क्रम में संतान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर चयनित वेतनमान स्वीकृत किया जाता है।

श्री जगमोहन मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I के वांछित वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण सन्तोषजनक सेवा का प्रमाण—पत्र प्राप्त होने के आधार पर उक्त चयनित वेतनमान इस शर्त पर स्वीकृत किया जाता है कि भविष्य में प्राप्त उक्त अवधि के वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल प्रविष्टी होने पर प्रकरण पुनः खोला जावेगा तथा वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर चयनित वेतनमान के बारे में निर्णय लिया जाकर तदानुसार संशोधित कर दिया जावेगा।

श्री जगमोहन मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 17.02.1998 के पैरा 10 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा निर्धारित किया जावेगा। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि श्री जगमोहन मीणा राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) 1998 में वेतन प्राप्त कर रहे हैं।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः— एफ.2 (ग) (चवे)/92/अलेसे—I/ 222 दिनांकः— 16.5.2018

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1 निदेशक, निरीक्षण विभाग, जयपुर।
2 श्री जगमोहन मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड—I, कार्यालय—निदेशक, निरीक्षण विभाग, जयपुर।
3 अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक।
4 निजी पत्रावली/गार्ड फाईल/गोपनीय अनुभाग/कम्प्यूटर अनुभाग (वेबसाईट हेतु)।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक— I)